https://www.mpboardonline.com

# प्री–बोर्ड परीक्षा 2021
## कक्षा–10वीं
## विषय– विशिष्ट हिन्दी

समय–3 घंटे | पूर्णांक–100

**निर्देशः–**

1. **सभी** प्रश्न हल करना अनिवार्य है।
2. प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न है प्रत्येक के लिये 1 अंक निर्धारित है। (1×5×5=25)
3. प्रश्न क्रमांक 6 से 16 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए दो–दो अंक निर्धारित हैं। (शब्द सीमा लगभग 30 शब्द है।)
4. प्रश्न क्रमांक 17 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न के लिये तीन–तीन अंक निर्धारित है। (शब्द सीमा 75 शब्द है।)
5. प्रश्न क्रमांक 26 एवं 27 के लिए पांच–पांच अंक निर्धारित है। (शब्द सीमा 120 से 150 शब्द है।)
6. प्रश्न क्रमांक 28 के लिए 7+3=10 अंक निर्धारित है। ('अ' के लिए 7 एवं 'ब' के लिए 3 अंक) (शब्द सीमा 200 से 250 शब्द है।)

https://www.mpboardonline.com

https://www.mpboardonline.com

प्र.1. निम्नलिखित कथनों के सही विकल्प चुनकर लिखिए– (1 × 5 = 5)

1. सूरदास जी के पदों की भाषा हैं–
(अ) अवधी (ब) ब्रज (स) हिन्दी (द) बुंदेलखण्डी

2. लोक संस्कृति का जन्म हुआ–
(अ) शहरों में (ब) गांव में (स) कस्बों में (द) विद्यालयों में

3. निंदा रस के लेखक है–
(अ) जयशंकर प्रसाद (ब) हरिशंकर परसाई
(स) प्रेमचन्द्र (द) हजारी प्रसाद द्विवेदी

4. श्रृंगार रस का स्थायी भाव है–
(अ) शोक (ब) करूण (स) रति (द) विस्मय

5. दो पदों के मेल को कहते है
(अ) संधि (ब) समास (स) छंद (द) अलंकार

प्र.2. रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्दों का चयन कर कीजिए। (1 × 5 = 5)

1. स्वतंत्रता संग्राम के सेनानी पंजाब केसरी.............................. है।
2. पथ की पहचान कविता के रचयिता है...................................है।
3. सुश्रुत के चिकित्सा ग्रंथ का नाम..............................................हैं।
4. अर्थ की दृष्टि से वाक्य....................................प्रकार के होते है।
5. गीतिका छंद के प्रत्येक चरण में.........................मात्राऐं होती है।

प्र.3. सत्य/असत्य लिखिए– (1 × 5 = 5)

1. बालक राम अवध के राजा दशरथ के पुत्र थे।
2. स्वामी रामतीर्थ एक बार जापान गये थे।
3. निंदक समाज मे सम्मान का पात्र होता है।
4. जिसे जीता ना जा सके उसे विजयी कहते है।
5. जहाँ लोक सीमा का उल्लघंन हो वहाँ अन्योक्ति अलंकार होता है।

https://www.mpboardonline.com

https://www.mpboardonline.com

प्र.4. सही जोड़ी बनाइए:– (1 × 5 = 5)

| 'अ' | 'ब' |
|---|---|
| 1. मातृभूमि का मान | महादेवी वर्मा |
| 2. बेटियाँ पावन दुआऐं | हरिकृष्ण प्रेमी |
| 3. चिर सजग आँखे उनींदी | अजहर हाशमी |
| 4. नाटक में | सम्पूर्ण जीवन का वर्णन |
| 5 .महाकाव्य | अनेक अंक |

प्र. 5. प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या वाक्य में लिखिए– (1 × 5 = 5)

1. कोयल के उसके किस गुण के कारण पसंद किया जाता है।
2. छंद के प्रकार लिखिए ।
3. भगिनी निवेदिता का मूल नाम क्या था ?
4. जगन्नाथ का संधि विछेच्द कर संधि का नाम लिखिए।
5. किन्ही दो महाकाव्यों को नाम लिखिए।

प्र.6. कुब्जा कौन थी ? उसका उद्वार कैसे हुआ ? (2)

अथवा

तुलसीदास जी के मनमंदिर में सदा कौन निवास करता है।

प्र.7. कृष्ण के कुण्डलों की आकृति कैसीं है। (2)

अथवा

किसके अंग–अग पुलकित हो रहें है।

प्र.8. हिमालय की झीलों में कवि नागार्जुन ने किसे तैरते देखा ? (2)

अथवा

व्यक्ति सम्मान के योग्य कब बनता है।

प्र.9. 'मोम के बंधन सजीले' से कवियित्री का क्या आशय है ? (2)

अथवा

आसमान में किस तरह के बादल उड़ रहे है ?

प्र.10 कवि के अनुसार व्यक्ति को किस रास्ते पर चलना चाहिए ? (2)

अथवा

तितलियों के रंग से कवि का क्या आशय है।

प्र011 गाँधीजी द्वारा स्थापित आश्रम का नाम लिखिए। (2)

अथवा

तेजस्वी पुरूष लाला लाजपत राय के चरित्र की दो विशेषताएँ लिखिए।

प्र012 भारतीय साहित्य का एक बड़ा भाग किस चरित्र से अनुप्राणित है? (2)

अथवा

मनुष्य पशु से किस प्रकार भिन्न है?

प्र013 महाराणा लाखा वीरसिंह के किस गुण से प्रभावित हुए? (2)

अथवा

गाड़ी पर किसान के वेश में कौन था?

प्र014 खण्ड काव्य एवं महाकाव्य में अंतर लिखिए। (2)

अथवा

प्रबंध काव्य की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

प्र015 दीपक से मानव जीवन की तुलना किस रूप में की गयी है? (2)

अथवा

कवि ने बेटियों को गौरव कथाएं क्यों कहा है?

https://www.mpboardonline.com
https://www.mpboardonline.com
https://www.mpboardonline.com

प्र016 वाक्यों को निर्देशानुसार परिवर्तित कीजिए – (2)

(i) वह परीक्षा में उत्तीर्ण हो गया (प्रश्नवाचक वाक्य)

(ii) तुम देश की सेवा करते हो (आज्ञावाचक वाक्य)

अथवा

वाक्यो को शुद्ध करके लिखिए।

(i) प्रत्येक छात्र स्कूल जाते है।

(ii) मोहन चक्की पर आटा पिसवाने गया।

प्र017 सुश्रुत संहिता का संक्षिप्त परिचय दीजिए। (3)

अथवा

यक्ष के संसार के सबसे बड़े आश्चर्य संबंधी प्रश्न पर युधिष्ठिर ने क्या कहा?

प्र018 निम्नलिखित का सन्धि विच्छेद कर सन्धि का नाम लिखिए। (3)

(i) सदाचार (ii) जगदीश (iii) विद्यालय

अथवा

निम्नलिखित शब्दों का समास विग्रह कर समास का नाम लिखिए।

(i) भाई–बहिन (ii) रसोईघर (iii) दशानन

प्र019 वक्रोक्ति अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। (3)

अथवा

वीर रस की परिभाषा एवं उदाहरण लिखिए।

प्र0 20 छायावादी काव्य की विशेषताऐं लिखिये एवं आवश्यकताऐं भी लिखिए। (4)

अथवा

प्रगतिवादी काव्य की विशेषताऐं लिखिए एवं किन्ही दो प्रगतिवादी रचनाओं के नाम लिखिए।

प्र0 21 जीवनी एवं आत्मकथा में अंतर लिखिए (कोई चार) (4)

अथवा

रेखाचित्र किसे कहते है। हिन्दी कि दो रेखाचित्र के नाम एवं उनके रचनाकार का नाम लिखिए।

प्र022 तुलसीदास अथवा महादेवी वर्मा की काव्य गत विशेषताऐं निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए।

(i) दो रचनाऐं (1+2+1=4)

(ii) भावपक्ष–कलापक्ष

(iii) साहित्य में स्थान

प्र. 23 वासुदेव शरण अग्रवाल अथवा रामवृक्ष बैनीपुरी का साहित्यक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए।

(i) दो रचनाऐं (1+2+1=4)

(ii) भाषा–शैली

(iii) साहित्य में स्थान

प्र. 24 निम्नलिखित में से किसी एक पद्यांश की व्याख्या सप्रसंग लिखिए। (1+1+2=4)

बैर फुट ही सो भयो, सब भारत को नाश।<br>
तबहु न छाँडत याहि सब, बंधे मोह के फाँस।

अथवा

भर रही कोकिला इधर तान्<br>
मारू बाजे पर उधर गान्<br>
है रंग और रण का विधान<br>
मिलने आये हैं आदि अंत,<br>
वीरों को कैसा हो वसंत ?



https://www.mpboardonline.com

https://www.mpboardonline.com

प्र. 25 निम्नलिखित में से किसी एक गद्यांश की संदर्भ प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए। (1+1+2=4)

"हमारे देश को दो बातों की सबसे पहले और सबसे ज्यादा जरूरत है। एक शक्तिबोध, और दूसरा सौंदर्यबोध, बस हम यह समझ लें कि हमारा कोई काम ऐसा ना हो जो देश में कमजोरी की भावना को बल दे, या सुरूचि की भावना को ही।"

अथवा

मानव शरीर में पेट का स्थान नीचे है हृदय का ऊपर और मष्तिष्क का सबसे ऊपर। पशुओं की तरह उसका पेट और मानस समानान्तर रेखा में नही है जिस दिन वह सीधे तन कर खड़ा हुआ, मानस ने उसके पेट पर विजय की घोषणा की।

प्र. 26 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (5)

आप हमेशा अच्छी जिंदगी जीते आ रहे है। आप हमेशा बढ़िया कपड़े, बढ़िया जूते, बढ़िया घड़ी, बढ़िया मोबाईल जैसे दिखावो पर बहुत खर्च करते है मगर आप अपने शरीर पर कितना खर्च करते है? इसका मूल्यांकन जरूरी है। यह शरीर अनमोल है। अगर शरीर स्वस्थ नही होगा तो आप सारे सामान किस पर टाँगेंगे। अतः स्वयं का स्वस्थ रहना सबसे जरूरी है एवं स्वस्थ रहने में हमारे खानपान का बड़ा योगदान है।

(i) उपयुक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(ii) अनमोल क्या है?

(iii) शुद्ध एवं असली शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।

प्र. 27 अपने मित्र को अपने बड़े भाई के विवाह में सम्मलित होने के लिये आमंत्रित करते हुए पत्र लिखिए।

अथवा (5)

अपने प्राचार्य को शुल्क मुक्ति हेतु आवेदन पत्र लिखिए।

प्र. 28 (अ) निम्नलिखित मे से किसी एक विषय पर सारगर्भित निबंध लिखिए। (7)

(i) बालिका शिक्षा का महत्व।

(ii) कोरोना एक महामारी।

(iii) ऑनलाईन शिक्षण आज की आवश्यकता।

(iv) विज्ञान के चमत्कार

(v) विद्यार्थी जीवन

(ब) निम्नलिखित मे से किसी एक विषय पर रूपरेखा लिखिए। (3)

(i) जल संरक्षण

(ii) कम्प्यूटर शिक्षा

(iii) पुस्तकालय का महत्व

(iv) वन संरक्षण

----000----

https://www.mpboardonline.com

https://www.mpboardonline.com